बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 :– 01 / भू0अ0नि0(3)विविध(संविदा)–16 / 2023......634......पटना, दिनांक :-23/02/2026

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, पटना के पत्रांक 1191 दिनांक 10.09.2025 द्वारा श्री सौरभ कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN09967) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि श्री कुमार दिनांक 17.11.2024 से लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित हैं एवं इस संबंध में पूछे गये स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर भी इनके द्वारा नहीं दिया जा रहा है। फलस्वरूप बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में नैसर्गिक न्याय के तहत निदेशालय पत्रांक 7454 दिनांक 12.12.2025 द्वारा श्री कुमार से 07 दिनों के अन्दर अपना पक्ष रखने हेतु इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण की मांग की गयी कि निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा। इतने स्पष्ट निदेश के बावजूद 01 माह की लम्बी अवधि के बाद भी इनके द्वारा अपना प्रतिउत्तर समर्पित नहीं किया गया है।

स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने की स्थिति में बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी है। श्री कुमार दिनांक 17.11.2024 से ही लगातार अनुपस्थित हैं। इस संदर्भ इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर बंदोबस्त कार्यालय एवं निदेशालय स्तर पर इन्हें दिया गया है, परन्तु इनके द्वारा इस अवसर का लाभ नहीं उठाया गया है। स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया जाना इनके मनमानेपन, स्वेच्छाचारिता, कार्य के प्रति लापरवाही एवं वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना का परिचायक है।

विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाना है, जिससे विशेष सर्वेक्षण कर्मी भी अवगत हैं। श्री कुमार के इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इन्हें संविदा में बनाए रखा जाना कार्यहित में उचित नहीं होगा एवं इसका प्रभाव अन्य कर्मियों पर भी पड़ सकता है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधन नियमावली, 2022 के नियम – 8(4) में वर्णित प्रावधान के तहत श्री सौरभ कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN09967) का संविदा नियोजन दिनांक 17.11.2024 की तिथि से समाप्त किया जाता है।

Sd/- 18/02/26

(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(3)विविध(संविदा)–16 / 2023......634......**पटना, दिनांक** :–23/02/2026

प्रतिलिपि :– श्री सौरभ कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN09967), बंदोबस्त कार्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 18/02/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(3)विविध(संविदा)–16 / 2023......634......**पटना, दिनांक** :– 23/02/2026

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 18/02/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(3)विविध(संविदा)–16 / 2023......634......**पटना, दिनांक** :–23/02/2026

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्रामर को आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Sd/- 18/02/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप